स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 11.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आपदा प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कंन्ट्रोल रुम की स्थापना के निर्देश दिये आयुक्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आगामी वर्षा ऋतु में होने वाले अतिवृष्टि तथा बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ट दल का गठन कर 24 घण्टे दल को तैनात रहने तथा आपदा स्थिति की सूचना दर्ज करने के लिए कंन्ट्रोल रुम की स्थापना के प्रभारी अधिकारी श्री ए0के0 द्विवेदी को नियुक्त किया गया। प्रभारी अधिकारी के द्वारा समस्त जोन एवं मुख्य कार्यालय में कन्ट्रोल रुम की स्थापना हेतु निम्न अधिकारी, कर्मचारी की ड्युटी लगाई गई है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने बारिश में होने वाले संभावित अति वर्षा में आपदा प्रबंधन के लिए मुख्य कार्यालय में कन्ट्रोल रुम की स्थापना कर दुरभाष नम्बर 0788–2296212 जारी किया हैं। टोल फ्री नम्बर 18002334242 में भी सम्पर्क किया जा सकता है। जारी आदेश में प्रभारी उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी को कन्ट्रोल रुम प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए सहयोगी के रुप में स्वास्थ्य अधिकारी धमेंन्द्र मिश्रा के साथ राजस्व निरीक्षक जयकुमार जैन, स्वच्छता पर्यवेक्षक शंकर साहनी, जगन्नाथ सिंह, टहल राम साहू, को सहयोगी के रुप में पदस्थ किया गया है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने आपदा शिविर एवं राहत सामग्री हेतु अधीक्षण अभियंता श्री आर0के0 साहू, आपदा स्थिति में पेयजल आपूर्ति हेतु अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता एस0पी0 साहू, चिकित्सा दल प्रभारी के रुप में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धमेंन्द्र मिश्रा के साथ–साथ सहयोगी अधिकारी, एवं कर्मचारियों को भी संलग्न किया गया है।

इसके साथ ही निगम आयुक्त श्री चौहान ने जोनवार बाढ़ नियंत्रण दल का गठन करते हुए नेहरु नगर जोन–01 के जोनआयुक्त संजय बागड़े, एवं सहयोगी सुनील दुबे, हरचरण सिंह अरोरा, बालकृष्ण नायडू, वैशाली नगर जोन–02 के जोन आयुक्त आर0के0 साहू, सहयोगी बी0के0 सिंह, विनोद चन्द्राकर, व्ही0के0 सेमुअल, मदर टेरेसा नगर जोन–03 के बी0के0 देवांगन, वेशराम सिन्हा, जे0पी0 तिवारी, ए0के0 शर्मा, शिवाजी नगर जोन–04 में जोन आयुक्त संजय शर्मा, अखिलेश चन्द्राकर, मलखान सिंह सोरी, महेश मिश्रा, जोन–05 सेक्टर क्षेत्र में जोन आयुक्त डी0के0 वर्मा, रवि सिन्हा, श्यामलाल मांझी, यशवंत चतुर्वेदी, रिसाली जोन–06 में जोन आयुक्त टी0के0 रणदिवे, एम0पी0 देवांगन, संजय वर्मा, जगन्नाथ कुशवाहा, को बाढ़ नियंत्रण दल के सदस्य बनाये गये है। आपदा स्थिति में वाहन नियंत्रण कक्ष के प्रभारी एस0पी0 साहू, प्रभारी वाहन के साथ ब्रिजेश श्रीवास्तव होंगे। वर्षा जनित बिमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था हेतु स्वच्छता निरीक्षक के0के0 सिंह के साथ स्वप्निल नायडू, यशवंत मशकरे एवं स्वास्थ्य शिविर दल की जिम्मेदारी होगी।

निगम आयुक्त श्री चौहान द्वारा जारी आदेश में सम्पूर्ण कार्य में आवश्यकतानुसार निगम का तोड़ फोड़ दस्ता, स्वास्थ्य अमला, विद्युत विभाग के कर्मचारी, बचाव दल के सदस्यों का नाम, पता, मोबाईल नम्बर आदि संधारित किया जावे। अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले पिड़ितों को ठहराये जाने वाले स्थल, भवनों का निरीक्षण कर भवन में बिजली, पानी, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जावे। वर्षा ऋतु से पूर्व निगम क्षेत्र के प्रमुख बड़े नाला नालियों की तली से सफाई करने के निर्देश दिये है। जोनवार निचले क्षेत्रों में जहॉ अतिवृष्टि के दौरान पानी भरने की समस्या आती है ऐसे चिन्हित स्थलों पर सतत् निगरानी रखने को कहा गया। निगम स्तर पर तैराकी जानने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हे आकस्मिक दल के रुप में नियुक्त करने के निर्देश भी दिये है। कार्य पर लापरवाही पाये जाने पर सक्त कार्यवाही किया जावेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी